भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi ka Amrit Mahotsav

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 26.12.2025

महाप्रबंधक पूर्व रेलवे का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट दौरा

महाप्रबंधक पूर्व रेलवे (कोलकाता) मिलिंद देऊस्कर ने आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दिनांक–26.12.2025 को दौरा किया। श्री देऊस्कर ने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में ओपेन लाइन रेल संचालन में कोच संबंधित कई मुददों पर विस्तृत चर्चा की गयी।

महाप्रबंधक पूर्व रेलवे ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप, आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान कोच वेल्डिंग की गुणवत्ता, साइडवाल, लेजर कटिंग मशीन, कोच रूफ वेल्डिंग, तथा मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया ।

आगे इसी क्रम में श्री देऊस्कर ने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दौरा किया। यहॉ फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के विभिन्न चरणों का अवलोकन किया।

श्री देऊस्कर ने आरेडिका प्रशान्ति परिसर का दौरा किया। प्रशान्ति परिसर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आरेडिका में किए जा रहे विभिन्न कार्यों जैसे– वर्षा जल संरक्षण के लिए नवनिर्मित तालाबों, वर्षा जल संचयन बिन्दुओं एवं मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कर विकसित किये जा रहे क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवेक खरे, पीएफए बीएल मीना, पीसीईई मनोज कुमार जिंदल, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक अकमल वदूद तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

26.12.2025
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी